रोहतक
शनिवार, 24 मई 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 113
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 44.0
न्यून. 24.0

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,721.08 | 769.09 ▲ |
| निफ्टी | 24,853.15 | 243.45 ▲ |

| धातु | कीमत | तेजी/मंदी |
|---|---|---|
| सोना | 98,750 /- | 100/- ▲ |
| चांदी | 99,200/- | 2000/- ▼ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 85.25 | 70 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 64.29/ बैरल | 0.23% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*


हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
बम्पर इनामी योजना 2025
4
मास्टर कूपन
24 मई 2025


*सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब, याचिका में दावा, क्रिकेटर और अभिनेता कर रहे प्रचार*

# आईपीएल के नाम पर लोग सट्टा व जुआ खेल रहे, इसे रोका जाए

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि आईपीएल के नाम पर लोग सट्टेबाजी कर रहे हैं और ऑनलाइन जुआ खेल रहे हैं। इस पर रोक लगाई जाए। कोर्ट ने सट्टेबाजी एप को विनियमित करने के अनुरोध वाली जनहित याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत व न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने केए पॉल की



जस्टिस सूर्यकांत बोले, कोई भी कानून लोगों को सट्टेबाजी और जुआ खेलने से नहीं रोक सकता

याचिका पर नोटिस जारी किया, जिन्होंने दावा किया था कि ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए से जुड़े एप का इस्तेमाल करने के बाद कई बच्चों ने आत्महत्या कर ली। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि प्रभावशाली लोग, अभिनेता और क्रिकेटर इन एप का प्रचार कर रहे हैं, जिसके कारण बच्चे सट्टेबाजी से जुड़ रहे हैं। आत्महत्या कर रहे हैं। सिगरेट के पैकेट पर धूम्रपान के दुष्प्रभाव अंकित होते हैं, लेकिन सट्टेबाजी एप के मामले में ऐसी कोई चेतावनी प्रकाशित नहीं की जाती।

**ये समाजिक विकृतियां : कोर्ट**

पीठ ने कहा कि वह ज्यादा कुछ नहीं कर सकती, क्योंकि ये समाजिक विकृतियां हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, 'जैसे लोगों को हत्या करने से नहीं रोक सकते, वैसे ही कोई कानून लोगों को सट्टेबाजी या जुआ खेलने से नहीं रोक सकता।'

*पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का बड़ा फैसला*

# 2019 के बाद की भर्तियों के परिणाम फिर होंगे तैयार, नौकरी नहीं जाएगी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने 2019 के बाद की उन सभी भर्तियों का नए सिरे से परिणाम जारी करने का आदेश दिया है, जिनमें सामाजिक व आर्थिक आधार पर अंकों का लाभ दिया गया था। इन अंकों का लाभ दिए बगैर जारी परिणाम के अनुसार जो मेधावी होंगे उन्हें नियुक्ति मिलेगी। जो बाहर होंगे उनके लिए सरकार पद ढूंढेंगी। यदि पद उपलब्ध नहीं होगा तो भविष्य में रिक्त पद होने तक उन्हें कच्चे कर्मचारी के तौर पर रखा जाएगा। जब नियमित पद उपलब्ध होंगे तो इन्हें नियुक्ति दी जाएगी और उनकी वरिष्ठता व अन्य लाभ नियुक्ति की तिथि से होंगे। इस आदेश से 10 हजार लोग प्रभावित होंगे। कोर्ट ने कहा कि हम नहीं चाहते भर्ती से बाहर होने वाले लोग अपनी नौकरी खो दें, क्योंकि इसमें उनका कोई कसूर नहीं था। कोर्ट ने इसलिए भर्ती से बाहर होने वालों को निकालने का आदेश नहीं दिया।

**हरियाणा सरकार ने गलत तरीका अपनाया**

कोर्ट ने कहा कि सरकार ने सामाजिक व आर्थिक आधार पर अंकों का प्रावधान गलत तरीके से किया है। जब पहले ही आर्थिक पिछड़ा वर्ग को आरक्षण का लाभ दिया है तो इस अतिरिक्त आरक्षण की क्या जरूरत थी। इस प्रावधान से आरक्षण 50 प्रतिशत की सीमा पार कर रहा है, जिसकी अनुमति नहीं है।

## प्रदेश सरकार ने 5 राज्य सूचना आयुक्त नियुक्त किए 26 को शपथ ग्रहण करेंगे

**अमरजीत सिंह, एचसीएस (सेवानिवृत्त), कर्मवीर सैनी, नीता खेड़ा, प्रियंका धोपरा व संजय मदान को मिली नियुक्ति**

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। प्रदेश सरकार ने हरियाणा राज्य सूचना आयोग में 5 राज्य सूचना आयुक्त नियुक्त किए हैं। इनमें अमरजीत सिंह, एचसीएस (सेवानिवृत्त), कर्मवीर सैनी, नीता खेड़ा, प्रियंका धोपरा व संजय मदान शामिल हैं। प्रदेश सरकार ने मुख्य सूचना आयुक्त के पद के लिए पूर्व मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद के नाम को मंजूरी दी थी। सूचना आयुक्त के तौर पर पूर्व एचसीएस अमरजीत सिंह का नाम शामिल किया है, जबकि अन्य 4 राज्य सूचना आयुक्त पदों पर महिला समेत अन्य निजी व्यक्तियों को नियुक्त मिली है। सूत्रों का कहना है कि शपथ ग्रहण समारोह 26 मई को राजभवन में होगा। अधिसूचना जल्द जारी होगी।

## आईजीयू के कुलपति बने प्रो. असीम मिगलानी



रेवाड़ी। हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने प्रोफेसर असीम मिगलानी को इंदिरा गांधी विवि (आईजीयू) मीरपुर के कुलपति का कार्यभार सौंपा है। डा. मिगलानी चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के गणित विभाग में प्रोफेसर पद पर कार्यरत हैं। वे यहां 20 अगस्त 2015 से 19 अगस्त 2018 तक कुलसचिव के पद पर भी रहे हैं।

**भारत ब्रांड योजना में करोड़ों के घोटाले के मामले में ईडी के छापे**

# फतेहाबाद और नरवाना में कई कारोबारियों के ठिकाने खंगाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद/फतेहाबाद

भारत ब्रांड योजना में करोड़ों के घोटाले को लेकर जींद के नरवाना और फतेहाबाद के रतिया में शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कई व्यापारियों के ठिकानों पर छापेमारी की और दस्तावेज जब्त किए। ईडी ने नरवाना में राइस कारोबार और आढ़त से जुड़े 5 कारोबारियों के डेढ़ दर्जन से ज्यादा, प्रतिष्ठानों और आवासों को खंगाला। इनमें उनके नरवाना व उचाना स्थित राइस मिल, आढ़त की दुकानें और आवास शामिल हैं। टीमों ने रिकार्ड और दस्तावेज खंगालने के साथ कारोबारियों व उनसे जुड़े लोगों से लंबी पूछताछ भी की। बताया जाता है भारत ब्रांड योजना में करोड़ों रुपये का घोटाला हुआ है। इसी सिलसिले में ईडी जांच कर रही है। नरवाना के कई कारोबारी भारत ब्रांड योजना का हिस्सा हैं। ईडी की कार्रवाई के दौरान उनके साथ आए सुरक्षाकर्मियों ने किसी को उनके प्रतिष्ठानों तथा मकानों के निकट फटकने नहीं दिया और मीडिया से दूरी बनाए रखी।



**रिकार्ड जब्त**

टीमों ने कारोबारियों के प्रतिष्ठानों से उनके कारोबार से जुड़े रिकार्ड को खंगाला और कुछ दस्तावेज जब्त कर लिए, जिसमें बहीखाते, लैपटॉप, कंप्यूटर हार्ड डिस्क शामिल हैं। छापेमारी के दौरान टीमों ने वहां पर मौजूद लोगों के मोबाइल फोन साइलेंट करवा साइड में रखवा दिए। कारोबारियों से पूछताछ भी की।

**इन व्यापारियों की जांच**

ईडी की टीमें सुबह करीब तीन दर्जन से ज्यादा पंजाब नंबर की गाड़ियों में सवार हो कर नरवाना पहुंची। यहां नरवाना के कारोबारी सुनील के फ्लोरमिल, राइस मिल, मेला मंडी में आढ़त की दुकान, निवास स्थान किशनचंद कालोनी, माडल टाउन, आर्य उपनगर, दूसरे कारोबारी वरूण गुप्ता के दो राइस मिल व उनके आवास, जियालाल की आढ़त की दुकान, उनके मॉडल टाउन आवास, इंदू कमीशन एजेंट की दुकान और उनके आवास, ओमप्रकाश की आढ़त की दुकान, राइस मिल व एक कारोबारी के उचाना राइस मिल पर एक साथ दस्तक दी। एक टीम में चार से छह लोग शामिल रहे।

## रतिया अनाज मंडी में दुकान पर छापा

**रतिया।** रतिया अनाज मंडी में सुबह ईडी की टीम ने अनाज मंडी व्यापार मंडल के पूर्व प्रधान अमन जैन की दुकान पर छापा मारा। टीम ने दुकान पर आते ही अंदर से गेट बंद करवा दिया, दुकानदार व अन्य कर्मचारियों के मोबाइल स्विच ऑफ करवा दिए। जैसे ही ईडी की रेड की सूचना मिली तो काफी संख्या में लोग भी दुकान के सामने मुख्य पर पहुंच गए, जिसे फोर्स के जवानों ने दूर कर दिया। बताया गया है कि यह टीम पंजाब के जालंधर से आई थी, जोकि भारत ब्रांड घोटाले से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में रतिया पहुंची थी। टीम के व्यापारी के मुनीम के घर और एक राइस सेलर में भी जांच की। इस दौरान किसी को अंदर नहीं जाने दिया।

# हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान चुने गए झींडा

*» 30 सदस्यों ने किया समर्थन, हाथ खड़े कर सहमति जताई*

*» गुरमीत सिंह वरिष्ठ उपप्रधान और गुरबीर सिंह उपप्रधान बने*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

लंबे समय तक हरियाणा कमेटी की कमान संभालने वाले जगदीश सिंह झींडा को बहुमत के साथ हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी (एचएसजीएमसी) का प्रधान चुन लिया गया। ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में प्रोटेम चेयरमैन जोगा सिंह की देखरेख में संपन्न हुए चुनाव में 48 सदस्यों ने भाग लिया, जबकि बीबी जसबीर कौर मसाना इस चुनाव प्रक्रिया में शामिल नहीं हुई। सबसे पहले हरियाणा कमेटी के मेंबर मेजर सिंह ने प्रधान पद के लिए जगदीश सिंह झींडा के नाम की घोषणा की। प्रोटेम चेयरमैन जोगा सिंह द्वारा प्रधान पद के लिए किसी ओर का नाम घोषित करने की बात कही, तो थानेसर से मेंबर हरमनप्रीत सिंह ने प्रकाश सिंह साहूवाल का नाम प्रधान पद के लिए घोषित किया। प्रधान पद के लिए दो नाम सामने आते ही इसके लिए वोटिंग की चर्चा होने लगी, मगर अधिकांश सदस्यों ने हाथ खड़े करवाने का प्रस्ताव रखा। हरियाणा कमेटी के नामजद सदस्य जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल समेत 30 सदस्यों ने जगदीश झींडा के समर्थन में हाथ खड़े करके अपनी सर्वसम्मति जता दी।



**कार्यकारिणी भी घोषित**

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के नवनिर्वाचित प्रधान जगदीश सिंह झींडा ने 11 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति की घोषणा की। उन्होंने गुरमीत सिंह मीता को वरिष्ठ उप प्रधान, गुरबीर सिंह को उप प्रधान, अंग्रेज सिंह को महासचिव, बलविंदर सिंह को संयुक्त सचिव चुना, जबकि कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में करनैल सिंह निमनाबाद, पलविंदर सिंह दरड़, कुलदीप सिंह मुलतानी, रूपिंदर सिंह पंजोखरा साहिब, जगतार सिंह मान व तजिंदरपाल सिंह नारनौल को चुना। इन पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के नाम की घोषणा होते ही दीवान हाल में शामिल 30 सदस्यों ने बोले सो निहाल सत्श्री अकाल की गूंज के साथ अपनी खुशी का इजहार किया।


HL City
THE RISE OF LIFESTYLE

HL CITY ROHTAK

200 की बजाए 234 ने 12.99% Discount का फ़ायदा उठाया

ग्राहकों की डिमांड पर

Super Luxury Flats

Staff Required
- Receptionist : Two
- Gardner : Two
- Marketing : Two
- Pantry : Two
- Cleaner : Two
- Cooks : Two
- Gunmen : Two
- Driver Luxury Vehicle : Two

Call : 9971292228

Only 2 days More For 12.99% Discount from 27th May, Discount 5%

GROUP HOUSING PLOT NO.-3, SECTOR-30B IMT PHASE II ROHTAK, DISTRICT ROHTAK (HR.)

Ph : 8813888101,8950410999
web : https://hlcity.in
E-Mail : hlresidency@gmail.com

Disclaimer: The information in this brochure including images, visuals, sketches and landscaping is for illustration purpose only and it should not be considered as legal offer and does not form part of any binding agreement. The Developer has made every effort to ensure the information is accurate, however prospective customers/readers are advised to exercise caution when relying upon any information provided and also advised to independently verify all the related details, approvals, permissions, etc. including area, amenities, services, terms of sales and payment plans and all other relevant terms with the developer. We understand the importance of making informed decisions and to ensure that you have the most up-to-date information, we encourage you to contact us directly to further verify details like area, amenities, services, sales & payment terms. We're happy to answer any questions you may have and help you exploring the benefits of owning The HL GROUP Residences. This brochure provides a glimpse into your future at The HL GROUP Residences, they showcase the exciting possibilities that await you.

